स्थापित - 1955

प्राचार्य का कार्यालय

श्री० श्री० लक्ष्मी नारायण ट्रष्ट महिला महाविद्यालय, धनबाद

नैक एक्रीडीटेड- 'बी'

(बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्नातकोत्तर ईका)

धनबाद – 826001 (झारखण्ड)

ई० मेल : sslntmmdhan@gmail.com

पत्रांक .... दिनांक 05/01/2024

सूचना

सभी विभागाध्यक्षों को यह सूचित किया जाता है कि **"हिंदी शोधार्थी संघ, भारत"** द्वारा **विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी)** के अवसर पर **"प्रथम अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता 2024"** का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के मानविकी संकाय, वाणिज्य संकाय और विज्ञान संकाय की सभी छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। इच्छुक छात्राएं अपना नाम विभाग मे दर्ज कराए। इस प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण नीचे संलग्न है।

5/01/24

प्राचार्या

Principal
S.L.N.T. Mahila Mahavidyalaya
Dhanbad

प्रथम अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता-2024

(नियमावली)

"हिंदी शोधार्थी संघ, भारत" द्वारा विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) के अवसर पर "प्रथम अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता - 2024" का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

यह प्रतियोगिता दो स्तरों पर आयोजित होगी। १- प्रथम स्तर (स्थानीय) २- द्वितीय स्तर (अखिल भारतीय)

१- प्रथम स्तर (स्थानीय):-

1- इस स्तर पर कक्षा 8 से परास्नातक तक की कक्षाओं तक के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।

2- प्रथम स्तर की प्रतियोगिता 10 जनवरी, 2024 को होगी।

3- इस स्तर पर प्रतिभागियों को 1 घंटे में दिए गए विषय पर हिंदी में निबंध लिखना होगा।

4- निबंध का विषय प्रतियोगिता के संयोजक द्वारा प्रतियोगिता के समय ही बताया जाएगा।

5- सभी प्रतिभागी निबंध लेखन प्रतियोगिता हेतु कागज और कलम अपना ही प्रयोग करेंगे।

6- कागज पर सबसे ऊपर प्रतिभागी का नाम, पिता का नाम, कक्षा, विद्यालय/महाविद्यालय का नाम तथा मोबाइल नंबर लिखेंगे फिर निबंध का विषय लिखकर निबंध लिखना प्रारंभ करेंगे। निबंध के अंत में प्रतिभागी को तारीख सहित अपने हस्ताक्षर करने होंगे। तत्पश्चात् प्रतियोगिता संयोजक अपने हस्ताक्षर करेंगे।

7- प्रतियोगिता पूर्ण होने के बाद संयोजक सभी निबंधों को जांचने हेतु अपने साथ ले जाएंगे।

8- निबंधों की जांच के पश्चात् प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों के परिणाम की घोषणा एवं प्रमाण-पत्र वितरण हेतु संस्था के अधिकृत व्यक्ति से विचार-विमर्श कर प्रतियोगिता संयोजक समय एवं तिथि तय करेंगे।

9- तय किए गए समय व तिथि पर संयोजक द्वारा प्रमाण-पत्रों का वितरण किया जाएगा।

10- प्रतियोगिता संयोजक विजेता प्रतिभागियों के निबंधों को द्वितीय स्तर पर भेज देंगें।

२- द्वितीय स्तर (अखिल भारतीय):-

1- द्वितीय स्तर पर केवल वे ही निबंध पहुंचेंगे जो प्रथम स्तर के विजेता होंगे।

2- द्वितीय स्तर पर प्राप्त हुए सभी निबंधों की जांच के पश्चात् अखिल भारतीय स्तर पर तीन विजेता घोषित किए जाएंगे, जिन्हें संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता निदेशक	सह-निदेशक	प्रतियोगिता समन्वयक
नूतन अग्रवाल 'ज्योति'	हेमेंद्र कुमार	चंचल माहौर
(वरिष्ठ संरक्षक)	(असि. प्रो. संरक्षक)	(राष्ट्रीय अध्यक्ष)
मो. 9412812902	मो. 7891907450	मो. 8958309695

सह-समन्वयक	प्रतियोगिता प्रभारी	प्रतियोगिता संयोजक
कृष्ण कुमार 'कनक'	विनय कान्त केशरी	नाम कविता कुमारी
(मुख्य सचिव)	(वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)	पदनाम प्रांतीय अध्यक्ष
मो.7017646795	मो. 8528004550	मो. 7488205664

Scanned with CamScanner